11 केवी लाइन टूटी, चपेट में आकर 2 बच्चे झुलसे, चक्काजाम

नवभारत न्यूज

मुरैना/सबलगढ़, 18 दिसंबर। कैमाराकलां पंचायत के बोहरे का पुरा में मंगलवार सुबह 10.30 बजे

सबलगढ़ के कैमाराकलां में हुआ हादसा, बिजली कंपनी के अफसरों के आश्वासन पर खुला चक्काजाम

बड़ा हादसा हो गया। खेतों में खेल रहे बच्चों के ऊपर अचानक 11 केवी बिजली लाइन टूटकर गिर गई, जिससे दो बच्चे बुरी तरह झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए सिविल हॉस्पिटल सबलगढ़ में भर्ती कराया गया है। इस हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने एमएस रोड पर कैमाराकलां की पुलिया पर चक्काजाम कर दिया। 2 घंटे चक्काजाम के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने समझाइश दी तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने रास्ता खोला।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुबह 10.30 बजे कैमाराकलां के बोहरे का पुरा गांव में रहने वाले आरके 8 पुत्र पूरन रावत और नैना 7 पुत्री उदय सिंह रावत गांव के अन्य बच्चों के साथ खेत में खेल रहे थे। इसी दौरान खेत के ऊपर से निकली 11 केवी हाईटेंशन लाइन टूटकर आ गिरी, जिसकी चपेट में आरके और नैना आ गई। हाईटेंशन का करंट लगने से दोनों बच्चे बुरी तरह से झुलस गए। जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। परिजन दोनों बच्चों को सबलगढ़ अस्पताल लेकर आए, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रैफर किया गया।

गुस्साए ग्रामीण बोले-कर्मचारी हटाएं, पीड़ितों को मिले मुआवजा : कैमाराकलां में हुई घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने एमएस रोड पर बनी पुलिया पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों की चार मांगें थीं। जिनमें बाबड़ीपुरा सब स्टेशन पर पदस्थ कर्मचारियों को हटाया जाए, बच्चों का इलाज सही से किया जाए। पुरानी लाइनों का मेंटेनेंस करें अथवा बदला जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिले।

नायब तहसीलदार-टीआई ने दी समझाइश, तब मानी भीड़

चक्काजाम की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार रबीश भदौरिया, सबलगढ़ थाना प्रभारी राजकुमार परमार मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाइश दी। नायब तहसीलदार ने ग्रामीणों को बताया कि बिजली कंपनी के अफ़सरों से जर्जर लाइनों का मेंटेनेंस कराएंगे और पीड़ितों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति दिलाएंगे, तब जाकर ग्रामीण सड़क से हटे।

पेंशनर्स की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान : गर्ग

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 दिसंबर। पेंशनर्स की सभी समस्याओं का समाधान त्वरित गति से निर्धारित समयसीमा में किया जाएगा। अपनी समस्याओं को लेकर पेंशनर्स कभी भी मेरे कार्यालय पहुंचकर बता सकते है।

यह बात जिला पेंशन अधिकारी विजय गर्ग ने कही। श्री

पेंशनर्स-डे पर हुए कार्यक्रम में जिला पेंशन अधिकारी ने कहा

गर्ग, पेंशनर्स-डे के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनर्स को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय गांधी बाल निकेतन में किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रमुख पेंशनर्स एसोएिशन के मीडिया प्रभारी डॉ. देवेन्द्र तोमर ने प्रस्तुत की। मंचासीन अतिथियों सहित पेंशनर्स का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएएशन के जिलाध्यक्ष बीएल टुंडेले ने पीएम एवं वित्त मंत्री के नाम भेजे जाने वाले ज्ञापन का वाचन किया। विद्युत पेंशनर्स एसोसिएएशन के अध्यक्ष पीपी मिश्रा ने पेंशनर्स से एकजुट होकर अपनी मांगों को सरकार से मनवाने के लिए संघर्षरत रहने का आव्हान किया। कार्यक्रम में पीएस तोमर, केएल चौहान, केदार सिंह सिकरवार, दरबार सिंह, जयनारायण शर्मा, बीके शर्मा, अशोक तिवारी, मातादीन शर्मा, उमाशंकर शर्मा, रामचरण सिंह यादव, मुरारीलाल प्रजापति, धर्मेन्द्र यादव, एचआर पचौरिया, सुल्तान सिंह सिकरवार, गिरवरलाल शाक्य, विनोद कुमार, सोबरन सिंह टुंडेलकर, सुरेश श्रीवास्तव, विमलचंद्र जैन, वीसी कटारिया, मायाराम शर्मा आदि उपस्थित थे।

केबीसी में अंबाह की बेटी जूली-श्यामा ने जीते 12 .50 लाख

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 18 दिसंबर। देश के मशहूर टीवी-शो कौन बनेगा करोड़पति में अंबाह के सुनावली की दो बेटियों जूली शर्मा व उनकी कंपेनियन (बहन) श्यामा शर्मा ने शानदार परफॉर्मेंस दिखाते हुए 12.50 लाख रुपए की राशि जीती

सुनावली गांव की बेटियों ने किया अंचल का नाम रोशन

है। हालांकि वे 25 लाख रुपए के तीसरे सवाल का जबाव नहीं दे पाई और लाइफ लाइन न होने की वजह से दोनों ने गेम्स से क्विट करने का निर्णय लिया।

अंबाह के सुनावली निवासी स्व. रामावतार शर्मा की बेटी जूली शर्मा की शादी ग्वालियर में हुई है। जूली शर्मा ने मोबाइल के जरिए कौन बनेगा करोड़पति के लिए रजिस्ट्रेशन किया। जिसमें लकी ड्रॉ के जरिए उनका सिलेक्शन जोड़ी वीक की विशेष थीम में हुआ था। इसलिए जूली अपने साथ कंपेनियन के रूप में अपनी बहन श्यामा शर्मा को साथ लेकर गई थीं।

12 सवालों के सही जवाब देकर जीता इनाम

कौन बनेगा करोड़पति में जूली शर्मा और श्यामा शर्मा के शो की शूटिंग 13 नवंबर को हुई, जिसका प्रसारण 16 दिसंबर को किया गया। इस शो में जूली ने अपनी कंपेनियन श्यामा शर्मा के साथ एक के बाद एक 12 प्रश्नों के सही जबाव देकर 12 लाख 50 हजार रुपए की राशि जीती। दोनों बहनों ने बताया कि 25 लाख रुपए के 13वें प्रश्न का जबाव समझ नहीं आ रहा था और सभी लाइफलाइन खत्म हो चुकी थीं। जोखिम देखते हुए उन्होंने प्रतियोगिता से क्विट करने का निर्णय लिया।

दिमनी में क्वारी नदी के पुल पर बाइकों की भिड़ंत, 1 की मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 दिसंबर। एनएच-552 के अंतर्गत दिमनी के निकट गुरूवार की दोपहर विपरीत दिशा से आ रही दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में

गुरूवार की दोपहर एनएच-552 पर दिमनी के निकट हादसा

एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक चला रहे युवक को जख्मी हालत में जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार दिमनी

गांव की मुस्लिम कॉलोनी में रहने वाला राजू शाह 38 पुत्र गरीबा शाह गुरूवार की दोपहर बाइक पर सवार होकर क्वारी नदी के पुल की ओर जा रहा था। इसी दौरान जब राजू क्वारी नदी के पुल पर पहुंचा तभी सामने से बाइक पर सवार होकर आ रहे छोटू ओझा 19 पुत्र रामवीर ओझा निवासी ग्राम परीक्षा थाना माताबसैया से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में राजू शाह और छोटू ओझा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। एंबुलेस से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान राजू की मौत हो गई। जबकि छोटू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से ग्वालियर रैफर किया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

तहसील दफ्तर में चला सफाई अभियान, हटाया अतिक्रमण



नवभारत न्यूज

मुरैना/कैलारस, 18 दिसंबर। धूल व गंदगी से गंदा दिखाई देने

तहसीलदार नरेश शर्मा के नेतृत्व में हुई साफ-सफाई

वाला कैलारस तहसील का दफ्तर अब चमचमाता हुआ दिखाई देने लगा है। जिसकी वजह तहसीलदार नरेश शर्मा के नेतृत्व में दफ्तर परिसर में सफाई अभियान का चलाया जाना है।

तहसीलदार नरेश शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को तहसील कार्यालय कैलारस में साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यालय सहित परिसर में व्याप्त गंदगी को हटाया गया, कार्यालय के कमरों में एकत्रित कचरे को हटाकर दस्तावेजों को व्यवस्थित किया गया।

इस दौरान दफ्तर परिसर का सीमांकन कराया गया और परिसर में मिले अतिक्रमण को भी हटाने की कार्यवाही की गई। सफाई अभियान में तहसील कर्मचारियों के साथ राजस्व अमले ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

इनका कहना है...

तहसील कार्यालय जनसेवा का केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक अपने कार्य व समस्याओं के सिलसिले में पहुंचते है। दफ्तर परिसर में बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग सुविधाओं को बेहतर बनाया गया है।

-नरेश शर्मा
तहसीलदार कैलारस

एसडीएम ने दिया आश्वासन, किसानों का धरना प्रदर्शन खत्म

नवभारत न्यूज

मुरैना/पोरसा, 18 दिसंबर। एसडीएम अंबाह रामनिवास सिकरवार के मांगों को शीघ्र पूरा करने के आश्वासन पर भारतीय किसान संघ का पोरसा में चल रहा धरना प्रदर्शन गुरूवार को खत्म हो गया। किसान संघ के बैनर तले किसानों द्वारा बीते चार दिनों से गल्लामंडी परिसर में धरना प्रदर्शन किया जा रहा था।

गल्लामंडी पोरसा में बीते चार दिन से चल रहा था प्रदर्शन

प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांगें बाजरा उपार्जन की खरीदी, किसानों को निर्बाध बिजली सप्लाई, नामांतरण, बंटवारा, नक्शा सुधार, कृषि प्रशिक्षण, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा प्रमुख थीं। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के चौथे दिन गुरूवार को एसडीएम अंबाह रामनिवास सिंह सिकरवार गल्लामंडी परिसर स्थित धरना स्थल पर पहुंचें। उन्होंने धरना दे रहे किसान संघ के पदाधिकारियों से सीधा संवाद कर उनकी मांगों को समझा। जिसके बाद एसडीएम श्री सिकरवार ने किसानों को भरोसा दिलाया कि बाजरा खरीदी का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलते ही खरीदी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। किसानों की अन्य मांगों का निराकरण उन्होंने तहसील स्तर पर ही जल्द कराए जाने का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन के बाद किसान संघ के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन को खत्म कर दिया। मौके पर किसान संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सतीश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

जानिए, क्या थी किसानों की प्रमुख मांगें

- किसानों को नियमित एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति।
- नामांतरण-बंटवारे के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण।
- नक्शा सुधार की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जाए।
- पटवारी व कृषि विभाग के अधिकारियों की हल्कों में नियमित उपस्थिति।
- कृषि विभाग की आत्मा योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण।
- नीलगाय एवं आवारा गायों से फसलों की सुरक्षा के इंतजाम

भूमिहीनों का आवासीय पट्टों के लिए प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

मुरैना/कैलारस, 18 दिसंबर। नगरीय क्षेत्र में रहने वाले आवासहीन परिवारों ने पट्टे और आवास की मांग को लेकर नगर परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही सैकड़ों की संख्या में आवेदन जमा कराए।

भूमिहीन परिवार के लोगों ने विभिन्न मार्गो से रैली निकाली और नारेबाजी की। आवासहीन परिवारों की आमसभा को संबोधित करते

हुए मप्र किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा कि शासन द्वारा शासकीय भूमि पर रह रहे आवासहीन परिवारों को आवासीय पट्टे देने के आदेश किए हैं। लेकिन वर्तमान में सैकड़ों परिवार आवास के पट्टे और आवास के वंचित है। इन्हें आवास के पट्टे और आवास तत्काल दिए जाने चाहिए। सभा को पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह, छात्र नेता एसएफआई के संयोजक अंकित श्रीवास ने संबोधित किया।

प्रदर्शन में राजेश गुप्ता पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम गोयल माकपा, जगदीश जाटव, बृजमोहन जाटव, रमेश सिंह, गजाधर सिंह, रामवती प्रजापति, आमनादेवी, किन्ती बघेल, प्रेम कुशवाह शामिल थे।

स्टेडियम की 4 .13 बीघा जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया

मुरैना, 18 दिसंबर। खेल मैदान के लिए आरक्षित 4 बीघा 13 बिस्वा जमीन पर अतिक्रमण कर उगाई जा रही फसल गुरुवार को राजस्व अमले ने ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया और स्टेडियम की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। सुमावली विधानसभा मुख्यालय की नूरपुर रोड पर 8 साल पहले सर्वे नं 1850/1851 4 बीघा 13 बिस्वा जमीन स्टेडियम के लिए आरक्षित की गई थी। इस जमीन पर दबंगों ने अतिक्रमण कर लिया था और उसमें फसल उगाई जा रही थी। स्टेडियम की जमीन पर अतिक्रमण कर फसल उगाए जाने की खबरें प्रकाशित होने के बाद गुरुवार को कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर नायब तहसीलदार श्यामसुंदर सिंह, राजस्व निरीक्षक ओपी आर्य, पटवारी संदीप गुर्जर सुमावली, वासुदेव प्रसाद गौड़ घुरैयाबसई, गजेन्द्र कुलश्रेष्ठ निटहरा, प्रेमदास पचौरी मैनाबसई, दिलीप गुर्जर बिरुआं, भूपेंद्र शर्मा बड़ौना सहित सुमावली थाने का पुलिस बल मौके पर पहुचा और अपनी निगरानी में ट्रैक्टर चलवाकर पूरी फसल उजाड़कर स्टेडियम की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।

आम सूचना

श्रीमती मीनेश पत्नी श्री ऐदल सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड स्थित मुंशी का बाग, कृष्णा कॉलोनी, ग्राम जौरी, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र .05 (तात्याटोपे वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र .545/1 ग्राम जौरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1004 .45 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड भूरी बाई, पश्चिम में-भूखण्ड कमलेश उत्तर में-रास्ता 15 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूखण्ड श्री महावीर है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री पोखन सिंह पुत्र श्री धनपाल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री पोखन सिंह का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री हरिदास निगम एवं श्री शिवराम सिंह निगम पुत्रगण श्री पोखन सिंह उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंदाज कराया गया। श्री हरिदास निगम एवं श्री शिवराम सिंह निगम द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती मीनेश पत्नी श्री ऐदल सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र . एमपी 26792025ए1124104 दिनांक 24 .02 .2025 से विक्रय की गई। श्रीमती मीनेश द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार टाटा कैपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री पोखन सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जायेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या .-भवन क्र .52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),
मो .नं .98276-72710

आम सूचना

श्रीमती परवीन पत्नी श्री जाहिद खान पुत्री सागिर अहमद के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भवन, स्थित मौहल्ला सुभाष नगर, छतरी पुरा के पास, ग्राम बड़ोखर, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र .07 में रिचत होकर भवन क्र .10 है जो भूमि सर्वे क्र .858/13 ग्राम बड़ीखर का भाग है एवं जिसका 450 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-गंदी गली, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भवन जाहिद खान, अजीज खान बाद भवन अन्य एवं दक्षिण में-भवन अन्य संग्राम सिंह तोमर है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री नासिर खान पुत्र श्री बाबर खान के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री नासिर खान का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री सागिर अहमद, श्री जाहिर अहमद, जाहिद खान एवं श्री अजीज खान पुत्रगण स्व . श्री नासिर खान एवं श्रीमती खेरुनिशा पत्नी स्व . श्री नासिर खान उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री सागिर अहमद, श्री जाहिर अहमद द्वारा श्री जाहिद खान एवं श्री अजीज खान की सहमति से उक्त सम्पति श्रीमती परवीन पत्नी श्री जाहिद खान पुत्री सागिर अहमद को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र . एमपी 25792023ए12421955 दिनांक 03 .10 .2023 से विक्रय की गई थी। श्रीमती परवीन द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ए.यू स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री नासिर खान के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जायेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या .-भवन क्र .52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),
मो .नं .98276-72710

पं . बिस्मिल का 98 वां बलिदान दिवस आज, होंगे कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 दिसंबर। काकोरी कांड के नायक अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल का 98 वां बलिदान दिवस आज 19 दिवस को मनाया जाएगा। इस मौके पर मुख्य कार्यक्रम डाइट परिसर स्थित बिस्मिल मंदिर पर होगा। यहां से मशाल यात्रा शुरू होगी। जो पं. बिस्मिल के पैतृक गांव बरबाई पहुंचेंगी।

डाइट परिसर में सुबह 8 बजे शहीदों के सम्मान में अभिषेक, हवन, महाआरती, ध्वजारोहण होगा। पुष्प तोपों से सलामी और गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, मेधावी छात्रों का सम्मान होगा। यहां से मशाल यात्रा प्रारंभ होगी। जो मुरैना शहर, मुड़ियाखेड़ा, जींगनी, बड़ागांव, दिमनी, अंबाह होकर पं. बिस्मिल के पैतृक गांव बरबाई पहुंचेंगी। जहां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। जिसमें मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। पं. रामप्रसाद बिस्मिल स्मृति जनकल्याण संस्था के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने बताया कि कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ सुबह 8.30 बजे बिस्मिल मंदिर परिसर में ध्वजारोहण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

कार की टक्कर लगने से बाइकें भिड़ीं, 5 जख्मी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 दिसंबर। ग्वालियर से जौरा जा रही आर्टिगा कार ने सुमावली-कीरतपुर के बीच आगे जा रही एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक

सुमावली-कीरतपुर के बीच हुआ हादसा

अनियंत्रित होकर सामने से आ रही दूसरी बाइक से जा भिड़ी। इस हादसे में पांच लोग जख्मी हो गए।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को मोनू त्यागी निवासी रुनीपुर जौरा अपनी अर्टिगा बाइक से

ग्वालियर से जौरा जा रहे थे। इधर निधान जौरा में रहने वाले सुरेंद्र जाटव अपनी पत्नी पिंकी, बहन रनिया को लेकर बाइक से गनेशपुरा सुमावली आ रहा था। सुमावली और कीरतपुर के बीच मोड़ पर अर्टिगा कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही सुरेंद्र जाटव की बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे मोनू प्रजापति की बाइक से टकरा गई। इस हादसे में सुरेंद्र जाटव, रनिया, पिंकी नि. निधान और मोनू प्रजापति, लोहरीबाई घायल हो गए, जिन्हें प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।